सत्यमेव जयते

# राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम हेतु माननीय राज्यपाल महोदय का भाषण

**(दिनांक 09 नवम्बर, 2024)**

**जय हिन्द!**
**जय उत्तराखण्ड!**

उत्तराखण्ड, राज्य स्थापना दिवस के, शुभ अवसर पर, आप सभी को, मेरी हार्दिक बधाई, एवं शुभकामनाएँ।

सर्व प्रथम, मैं आज के, इस पावन अवसर पर, उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन से जुड़े, सभी अमर शहीदों, और आंदोलन कारियों को, हृदय से नमन, करता हूँ। आप सभी के, त्याग, बलिदान, और संघर्ष के, परिणाम स्वरूप ही, उत्तराखण्ड राज्य अस्तित्व में, आया है। आज, हमने, राज्य स्थापना की, 24 वर्षों की, गौरवशाली यात्रा, पूरी कर ली है।

आज के, इस शुभ अवसर पर, मैं, राज्य के सभी, सैन्य बलों, अर्द्ध सैन्य बलों, पूर्व सैनिकों, और वीर नारियों को, नमन करता हूँ। साथ ही, अपने पुलिस बलों के, सभी वीर जवानों का भी, अभिनंदन करता हूँ जिन्होंने, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, और शांति स्थापना में, हमेशा, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सत्यमेव जयते

इस अवसर पर, मैं उन, सभी पुलिस अधिकारियों, और जवानों को, बधाई देता हूँ, जिन्हें, उत्कृष्ट कार्यों के लिए, आज, यहां पर, सम्मानित किया गया है। मैं, आज, राज्य गौरव सम्मान से, सम्मानित होने वाले, महानुभावों को भी, हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

अभी, हमने, आदरणीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी का, प्रदेश की जनता के नाम, प्रेरणा दायक, संदेश सुना। हमारे प्रदेश के, विकास के प्रति, विशेष लगाव, रखने के लिए, मैं, पूरे प्रदेश की ओर से, माननीय प्रधानमंत्री जी का, हृदय से, आभार, व्यक्त करता हूँ।

आज, एक बहुत ही शानदार, और अनुशासित पुलिस परेड के लिए, मैं, उत्तराखण्ड पुलिस की, भरपूर सराहना, करता हूँ।

**प्रिय प्रदेश वासियों,**

यह, हम सभी का, सौभाग्य है कि, हमें, देवभूमि में, रहने का, यहाँ की सेवा करने का, अवसर, मिला है। संभावनाओं, और सामर्थ्य से भरे हुए, 24 वर्ष के युवा, उत्तराखण्ड ने, राज्य गठन से, अब तक विकास की, नई ऊंचाइयों को, हासिल किया है। चाहे अर्थव्यवस्था हो, या मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, इन 24 वर्षों में, उत्तराखण्ड ने, निरंतर प्रगति, की है।

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड, आज विकास के, कई पैमानों में, देश के, अग्रणी राज्यों में से, एक है। हमारे प्रदेश में, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश, सामाजिक सुरक्षा से जुड़े, हर एक क्षेत्र में, सकारात्मक बदलाव, आ रहा है। सभी के, सामूहिक प्रयासों से, हमारा प्रदेश, प्रगति के पथ पर, निरंतर अग्रसर है, लेकिन अभी भी, बहुत कुछ किया जाना, बाकी है, जिसके लिए, हम सभी का, सामूहिक योगदान, जरूरी है।

यह वही दशक है, जिसके बारे में, प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि, 21वीं सदी का, तीसरा दशक, उत्तराखण्ड का, दशक है। इसलिए, 2047 तक, जब भारत, अपनी आजादी के, 100 वर्ष का, उत्सव मना रहा होगा, तब, उत्तराखण्ड, किस स्वरुप में होगा, यह लक्ष्य, हमें आज ही, तय करना है।

उत्तराखण्ड राज्य के, निर्माण में, महिलाओं की, अहम भूमिका रही है। प्रदेश की मातृशक्ति, और बेटियों की प्रतिबद्धता, और उपलब्धियों को, देखकर, मुझे गर्व की अनुभूति, होती है। मातृशक्ति, को सशक्त, और आर्थिक रूप से, समृद्ध बनाने के लिए, कई योजनाएं, शुरू की गई हैं।

सत्यमेव जयते

**प्रिय प्रदेश वासियों,**

उत्तराखण्ड में, देश–विदेश से, आने वाले पर्यटकों की, संख्या में भी, निरंतर वृद्धि, हो रही है। प्रदेश में, होम स्टे योजना से, राज्य के, पर्यटन व्यवसाय में, एक नई क्रांति, आ रही है। इस योजना से, न केवल, ग्रामीण क्षेत्रों में, स्वरोजगार के नए अवसर, उत्पन्न हो रहे हैं, बल्कि, इससे, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी, मजबूती, मिल रही है। सीमावर्ती गांवों के, ऑल राउन्ड डेवलेपमेंट के लिए, 51 गांवों में, चल रही ''वाइब्रेंट विलेज'' योजना, रिवर्स पलायन के, लक्ष्य को, पूरा करने में, महत्वपूर्ण भूमिका, निभा रही है।

हमारे राज्य की, तरक्की का मंत्र, खेती, बागवानी, एरोमैटिक खेती, शहद उत्पादन, होम स्टे, पर्यटन, योग, और वेलनेस सेक्टर में, समाहित है। इन क्षेत्रों में, अच्छा काम कर, हम, अपने गांव में, रोजगार के साथ, समृद्धि, ला सकते है। जो गांव, आज पलायन के कारण, 'घोस्ट विलेज' कहे जाते हैं, उनको, 'होस्ट विलेज' बनाना, हमारा कर्तव्य है।

उत्तराखण्ड की दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण, यहां लोगों को, जन–सुविधाएं देने के लिए, टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट की, सेवाएं बढ़ाना, बहुत जरूरी है।

सत्यमेव जयते

हमने देखा है कि, स्वास्थ्य विभाग ने, ड्रोन के माध्यम से, कैसे पर्वतीय क्षेत्रों तक, दवाईयां पहुंचायी। इसी प्रकार, टेली मेडिसिन का उपयोग भी, शुरू किया गया है। वेबसाइट, और पोर्टलों के द्वारा, लोगों को, बुनियादी सुविधाएं देने का, काम शुरू किया गया है। इनको, पूरी गंभीरता के साथ, आगे बढ़ाना होगा।

उत्तराखण्ड में, शांतिपूर्ण माहौल, और अच्छी कानून व्यवस्था द्वारा ही, यहाँ पर्यटन, और निवेश को, प्रोत्साहन, दिया जा सकता है। हम, डिजिटल क्रांति के युग में, आगे बढ़ रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी, हमारी सबसे बड़ी, जिम्मेदारी है।

महिला सुरक्षा, बालिका सुरक्षा को, सुनिश्चित करते हुए, साइबर क्राइम, ड्रग्स, जैसे अपराधों पर, नियंत्रण, राज्य सरकार की, सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तराखण्ड पुलिस की इस दिशा में बड़ी भूमिका है।

विगत दिनों, अल्मोड़ा में हुई, सड़क दुर्घटना में, कई लोगों के, हताहत होने से, हम सभी के हृदय को, गहरा आघात, लगा है। मैं, प्रभावित परिवारों के प्रति, अपनी, गहरी संवेदनाएं, व्यक्त करता हूँ, और, घायलों के शीघ्र, स्वस्थ होने की प्रार्थना, करता हूँ। इस घटना ने, हमें महसूस कराया है कि, सड़क सुरक्षा, और परिवहन के क्षेत्र में, और अधिक, प्रभावशाली कदम, उठाए जाने, आवश्यक है।

सत्यमेव जयते

## मेरे प्यारे प्रदेश वासियों,

प्रदेश की, युवा शक्ति, हमारी बड़ी ताकत है। प्रगति के पथ पर, अग्रसर, उत्तराखण्ड में, युवाओं के लिए, रोजगार, और स्वरोजगार के अवसर, बढ़ रहे हैं। मेरा युवाओं से, आग्रह है, कि आप, सभी संभावनाओं को, अवसरों में, बदलकर, उत्तराखण्ड को, देश का, सर्वश्रेष्ठ राज्य, बनाने में, अपना सर्वोच्च योगदान दें।

आज के, इस शुभ अवसर पर, हम सभी, एक संकल्प, अवश्य लें। हम, अपने युवाओं को, हर प्रकार के, नशे, और ड्रग्स की आदतों से, दूर रखने का, संकल्प लें। इसके लिए, उत्तराखण्ड पुलिस को, समाज के सभी वर्गों के साथ, मिलकर, पहल करनी होगी।

हम सभी मिलकर, एक स्वस्थ, खुशहाल, और ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के निर्माण में, अपना योगदान दें, ताकि, हमारी आने वाली पीढ़ी को, उज्ज्वल भविष्य के लिए, एक सुरक्षित वातावरण, मिल सके।

आज, हम, राज्य स्थापना के बाद, अपने 24 वर्षों की उपलब्धियों का, उत्सव मना रहे हैं। हमें, नए संकल्पों के साथ, उत्तराखण्ड को, देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए, पूरे उत्साह, ऊर्जा, और सामर्थ्य से, अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान, देना है।

सत्यमेव जयते

आइए! हम सभी, अपने सपनों को, संकल्प में, बदलकर, उन्हें सिद्धि तक, पहुंचाने का, प्रयास करें, ताकि, देवभूमि उत्तराखण्ड, निरंतर तरक्की, करते हुए, नित नई ऊंचाइयाँ हासिल, करता रहे। एक बार, पुनः, आप सभी को, राज्य स्थापना दिवस की, हार्दिक बधाई, और असीम शुभकामनाएँ।

**जय हिन्द!**
**जय उत्तराखण्ड!**